
# बरियातू में रिम्स कर्मी को मारी गोली, अस्पताल में इलाजरत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के चांडिल मैदान के पास रिम्स कर्मी को अज्ञात अपराधियों ने गुरुवार की देर रात गोली मारकर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति का नाम राजेश मलिक है और वह रिम्स में कार्यरत है। फिलहाल रिम्स में राजेश का इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गुरुवार की देर रात लगभग 12 बजे राजेश मलिक अपने कुछ दोस्तों के साथ पार्टी कर रांची के ओरमांझी से बरियातू स्थित घर लौट रहा था। जैसे ही राजेश डॉक्टर्स कॉलोनी को पार करके चांडिल मैदान के पास पहुंचा। वहां पहले से ही मौजूद दो अपराधियों ने पीछे से उसपर फायरिंग कर दी। फायरिंग में गोली राजेश के कंधे के पास जा लगी। राजेश ने हिम्मत दिखाते हुए गोली लगी अवस्था में ही खुद बाइक चलाकर अपने घर पहुंच गया और परिजनों को गोली लगने की सूचना दी। जिसके बाद परिजन उसे आनन-फानन में रिम्स ले गए और वहां उसे भर्ती कराया। बरियातू पुलिस के अनुसार गोलीबारी की वारदात की सूचना गुरुवार की रात बरियातू पुलिस को नहीं दी गई। गोलीबारी में घायल राजेश मलिक की स्थिति खतरे से बाहर है।

# झारखंड को मिली बड़ी उपलब्धि : 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता की मिली मेजबानी, रांची में होंगी छह प्रतिस्पर्द्धाएं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड को पहली बार राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता की मेजबानी का मौका मिलने जा रहा है। 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के तहत छह अलग-अलग प्रतिस्पर्द्धाओं की मेजबानी का मौका राज्य को मिलेगा। इन खेल प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय स्तर पर 5,600 से ज्यादा स्कूली खिलाड़ियों के भाग लेने का अनुमान है। झारखंड को जिन छह प्रतिस्पर्द्धाओं की मेजबानी मिली है उसमें फुटबॉल अंडर 14 बालक-बालिका, कबड्डी अंडर 14 बालक, विशु अंडर 17 और 19 बालक-बालिका, खो-खो अंडर 14 बालक-बालिका, साइक्लिंग अंडर 17,17 और 19 बालक-बालिका, स्केटिंग अंडर 11, 14, और 19 बालक-बालिका प्रतियोगिता है।



## कब-कब होगा प्रतिस्पर्द्धा का आयोजन

फुटबॉल खेल का आयोजन 17 जनवरी से 21 जनवरी तक चलेगा। कबड्डी और वुशु प्रतियोगिता 24 जनवरी से 28 जनवरी तक होगी। खो-खो का आयोजन 31 जनवरी से 4 फरवरी तक होगा। साइक्लिंग का आयोजन 8 फरवरी से 12 फरवरी तक चलेगा। अंत में स्केटिंग प्रतियोगिता 15 फरवरी से 19 फरवरी तक होगी। खास बात है कि सभी प्रतियोगिताएं रांची में आयोजित होंगी।

## मेजबानी मिलना राज्य के लिए गौरव : धीरसेन सोरेंग

झारखंड शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि यह राज्य के लिए गौरव की बात है। शिक्षा के साथ खेल को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा सचिव के रवि और राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण पासी के स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन की बदौलत ही राज्य को इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने बताया कि खेल की दुनिया में झारखंड के खिलाड़ी तेजी से अपनी जगह बना रहे हैं। बच्चों को स्कूली स्तर से ही खेल प्रतिभा को निखारने के लिए झारखंड में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह का आयोजन होने से झारखंड के स्कूली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता को आंकने का बेहतर मौका मिलेगा। वह गलतियों से सीखेंगे और आगे चलकर राज्य और देश का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि सभी छह प्रतिस्पर्द्धाओं में झारखंड के बच्चे बेहतर रिजल्ट देंगे। आपको बता दें कि झारखंड की पहचान हॉकी खिलाड़ियों की वजह से होती थी लेकिन हाल के वर्षों में कई प्रतिस्पार्द्धाओं जैसे तीरंदाजी, बॉक्सिंग, फुटबॉल और क्रिकेट में यहां के खिलाड़ियों ने अपना लोहा मनवाया है। हाल ही में आईपीएल के ऑक्शन में राज्य के तीन खिलाड़ियों रॉबिन मिंज, कुमार कुशाग्र और सुशांत मिश्रा की करोड़ों में बोली लगी है। वैसे महेंद्र सिंह धोनी ने क्रिकेट की बदौलत झारखंड को अलग पहचान दिलायी है।

# कार्निवल के दूसरे दिन मैजिक शो, डांस प्रतियोगिता की धूम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कार्निवल के दूसरे दिन शुक्रवार को भी कार्यक्रमों और प्रतियोगिता की धूम रही। लोगों ने कार्निवल का खूब आनंद उठाया। सबसे पहले स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बेस्ट बिंदी कंपटीशन का आयोजन हुआ। इसमें महिलाओं और युवतियों ने तेरी बिंदिया रे, गीत की धुन पर रैंप वॉक किया। चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन में सैकड़ों बच्चों ने हिस्सा लिया।

देर शाम मैजिक शो आकर्षण का केंद्र रहा। जहां जादूगर करण ने कई तरह का जादू दिखाया। मुख्य जादू में मीना बाजार जहां जादूगर ने जादू की पेटी से बच्चों के लिए गिफ्ट और खिलौने निकाले। जादूगर ने एक ब्लेड खाकर मुंह से 100 ब्लेड निकाले। सेल्फी टाइम का थीम था, सेल्फी विद एनाकोंडा। लोगों ने एनाकोंडा की तस्वीर के मुंह में घुसकर सेल्फी खींची। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों का डांस कंपटीशन रहा जहां बच्चों ने जंगल जंगल पता चला है, लड़की आंख मारे, दंगल दंगल गाने में जबरदस्त नृत्य पेश किया। इसके बाद देर शाम चुरा के दिल मेरा कपल डांस कंपटीशन में कई जोड़ों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतुल शाह देव, डॉ विद्या झा शाहदेव, सत्य प्रकाश चंदेल, अहसन अली, लोकेश, राहुल शाह देव, सौरव, आनंद आदि सक्रिय है इवेंट्स का आयोजन सिनेमैटिका के द्वारा किया जा रहा हैं।

### हेमंत सरकार के 4 साल पूरे होने के कार्यक्रम को लेकर जाम रही राजधानी

# डीएसपी और डीटीओ ने संभाली यातायात व्यवस्था की कमान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड सरकार के 4 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्य भर से आये लोगों के कारण ट्रैफिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गयी। जिलों से लोग इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बसों में भर कर रांची पहुंच थे। सैकड़ों बसों पर सवार होकर आए लोगों की वजह से राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था भी अस्तव्यस्त हो गई। इससे राजधानी के लोगों को भी काफी परेशानी हुई। क्षमता से ज्यादा गाड़ियां शहर के अंदर आने से ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को यातायात व्यवस्था संभालने में दिक्कत होने लगी। ट्रैफिक में तैनात जवानों की परेशानी को देखते हुए अधिकारियों ने संज्ञान लिया और रांची के करम टोली चौक पर डीटीओ प्रवीण कुमार और डीएसपी जीतवाहन उरांव खुद सड़क पर उतरे और ट्रैफिक व्यवस्था को संभाला। अपने अधिकारियों को इस तरह काम करता देख उनके पर्सनल बॉडीगार्ड भी ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने में जुट गए थे। इस तरह धीरे-धीरे शहर में आ रही सैकड़ों वाहनों और बसों को नियत स्थान पर पार्क कराया गया।





करम टोली चौक पर ट्रैफिक जवान की तरह यातायात व्यवस्था संभाल रहे डीटीओ प्रवीण कुमार ने कहा कि पदाधिकारी का काम सिर्फ दफ्तर में बैठकर कलम चलाना और गाड़ियों से निरीक्षण करना ही नहीं है बल्कि जरूरत पड़ने पर एक सिपाही की तरह मोर्चा संभालना भी उनका कर्तव्य है। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने में जुटे यातायात उपाधीक्षक जीतवाहन उरांव ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों से मिले दिशा निर्देश के अनुसार ही गाड़ियों को पार्क कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि करम टोली चौक कार्यक्रम स्थल से काफी करीब है। जिसके कारण इस चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने की सबसे अधिक आवश्यकता है। इसलिए अपने जवानों के साथ मिलकर वह खुद भी ट्रैफिक व्यवस्था संभाली।

## आजसू छात्र संघ ने राज्यपाल से आरयू के वीसी की शिकायत की

**रांची।** आजसू छात्र संघ ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से रांची विवि के कुलपति की शिकायत की है। रांची विश्वविद्यालय आजसू छात्र संघ के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में सूचना भवन में आवेदन दिया गया। शिकायत में कहा गया है कि पिछले एक साल पहले आरयू के परीक्षा विभाग को निजी कंपनी एनसीसीएफ को दे दिया गया। कुलपति ने कहा कि इस एजेंसी से परीक्षा विभाग में कोई भी गड़बड़ी नहीं होगी। सभी चीजों में पारदर्शिता होगी लेकिन जबसे इस एजेंसी ने काम संभाला है तब से परीक्षा विभाग की स्थिति खराब हो गई है। रूपेश कुमार, नंदनी कुमारी, इंद्रमुनी परीक्षा दी, लेकिन उसे अनुपस्थित दिखा दिया गया। पीएचडी एंट्रेंस अभ्यर्थियों को न बुकलेट मिला न कार्बन कॉपी, जिससे उन्हें अंक का पता नहीं चला।

# समाजसेवी शाजिया तबस्सुम ने ली भाजपा की सदस्यता



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को डोरंडा की समाजसेवी शाजिया तबस्सुम ने भाजपा का हाथ थाम लिया। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात साहब ने सदस्यता ग्रहण कराया। मौके पर उन्होंने कहा कि इनके आने से प्रदेश महिला टीम को मजबूती मिलेंगी। इस मौके पर प्रदेश मंत्री शमीम रजा, प्रदेश मंत्री डॉक्टर आरिफ नसीर बट, प्रदेश मीडिया इंचार्ज नय्यर आजम, जिला ग्रामीण अध्यक्ष इमरान खान और यासीन भारती मौजूद थे।

### देश के अंतिम व्यक्ति तक केंद्रीय योजनाओं का लाभ पहुंचे

# विकसित भारत है संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य : संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सांसद संजय सेठ गोंदा, कांके और बरियातू में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुये। सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य देश की आजादी के 100 वर्ष होने पर विकसित राष्ट्र बनाना है। इस उद्देश्य को पूरा करने में किसान, युवा, महिलाओं की अहम भूमिका होगी। जब तक देश के युवाओं की शक्ति को हम दिशा नहीं दे पायेंगे तब तक हम विकास की कल्पना नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन सभी चीजों पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के चलाये जा रहे उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मान निधि, पीएम जीवन सुरक्षा बीमा, आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही इस यात्रा का लक्ष्य है।



विकसित भारत यात्रा का एक अन्य उद्देश्य है कि सभी घरों में बेहतर शिक्षा हो। स्वास्थ्य का लाभ सभी को प्राप्त हो। स्वच्छ जलए 24 घंटे बिजली, वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देना। किसानों की समस्याओं का समाधान, उनकी आय दुगनी करने के संकल्प के साथ यात्रा की जा रही है। इस अवसर पर विकास कुमार रवि, बलराम सिंह, नकुल तिर्की, राम लगन राम, राजेश रजक, कुंदन सिंह, राजेश कुमार बसंत सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सीसीएल में क्षेत्रीय जनसंपर्क अधिकारियों की बैठक में कंपनी की ब्रांडिग पर चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय के प्रकाश सभागार में शुक्रवार को क्षेत्रीय जनसंपर्क अधिकारियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने की। बैठक में क्षेत्रों सहित मुख्यालय के जनसंपर्क के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष में कंपनी की उपलब्धि, जन-कल्याणकारी कार्यों को हितधारकों तक पहुंचाने में जनसंपर्क की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण हो जाती है। कंपनी का प्रत्येक कर्मी अपने-आप में कंपनी की ब्रांड एम्बेसडर की तरह होता है, जो अपने कार्य निष्पादन और कर्तव्य परायणता से कंपनी की सकारात्मक छवि का निर्माण करता है।



जनसंपर्क विभाग के अध्यक्ष आलोक कुमार ने कंपनी द्वारा किये जा रहे जनसंपर्क गतिविधियों की चर्चा की। ब्रांडिंग गतिविधियों के रोड मैप के लिए सभी क्षेत्रीय अधिकारियों से बातचीत की। सभी क्षेत्रों के समन्वय से कंपनी की बेहतर ब्रांडिंग के लिए पहली बार क्षेत्रीय जनसंपर्क अधिकारी नामित किये गए हैं। बैठक में आगामी कोल इंडिया मैराथन 2024 में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रचार-प्रसार की रणनीतियों पर विमर्श किया गया। सभी नोडल अधिकारियों ने अनेक रचनात्मक सुझाव दिए।

### सुदेश महतो ने हर मोर्चे पर महागठबंधन की सरकार को बताया फेल

# हेमंत सरकार के चार साल सिर्फ विश्वासघात का निष्कर्ष 2024 में मौजूदा सरकार की विदाई निश्चित: सुदेश महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के चार साल पूरा होने पर आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने वर्तमान सरकार को हर मोर्चे पर फेल करार देते हुए साल 2024 को हेमंत सोरेन की विदाई का वर्ष बताया है। उन्होंने आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 2019 में जनता से किये वादे को याद दिलायी। साथ ही सरकार के चार साल बाद उन वादों की हकीकत का वीडियो क्लिपिंग दिखाया गया। इसके माध्यम से बताया गया कि शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, ओबीसी आरक्षण, 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति सहित उन सभी वादों को पूरा करने में सरकार विफल रही है, जिसका वादा कर वह सत्ता में आये थे। इसलिए आजसू पार्टी ने इस सरकार को लेकर स्लोगन दिया है विश्वासघात का निष्कर्ष, 2024 होगा विदाई का वर्ष।

**4 साल में सरकार की नीयत और नीति गड़बड़:** आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि जब सरकार को पॉलिसी बनानी थी तो उन्होंने नहीं बनायी। सरकारी पदों को उगाही का साधन बना दिया गया। सरकारी पदों को पे फॉर पोस्ट में तब्दील कर दिया गया। सुदेश महतो ने कहा कि 2024 में ईमानदार सरकार भी आयी तो उसे इस सरकार द्वारा बेपटरी की गई व्यवस्था को दोबारा ट्रैक पर लाने में 10 साल का समय लगेगा। इसके अलावा सुदेश महतो ने कहा कि प्रगति में हम पिछड़े हैं, प्रदेश में वैकल्पिक रोजगार के अवसर नदारद हैं।



## साइकिल वितरण योजना अर्जुन मुंडा सरकार की देन

आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि सरकार के चार साल में अपनी उपलब्धि वाले विज्ञापन में साइकिल वितरण के दावे को भी दिखा रही है लेकिन यह योजना अर्जुन मुंडा के मुख्यमंत्री रहते शुरू हुई थी, जिसपर आज ये सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है। यह अर्जुन मुंडा सरकार के समय की योजना इस सरकार में तीन वर्ष तक ठंडे बस्ते में रहा और स्कूली बच्चों को साइकिल नहीं मिली। इसी तरह अबुआ आवास योजना के नाम पर सरकार धोखा दे रही है, जनता के दर्द से ये सरकार दूर है, सत्ता के नशे में चूर है। सुदेश महतो ने कहा कि हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि हर पंचायत से 1000 आवेदन इसके लिए आ रहे हैं और अगर अगले तीन साल भी यह योजना चली तो ज्यादा से ज्यादा हर पंचायत में 30-40 लोगों को आवास मिल पायेगा, बाकी लोगों को छत कैसे मिलेगी, इसका जवाब सरकार को देना चाहिए।

## अपराध में देश के टॉप पांच राज्यों में है झारखंड

आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि हेमंत सरकार के 4 वर्षों में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। अपराध के मामले में झारखंड देशभर के टॉप 5 राज्यों में से एक है। मामलों का निष्पादन नहीं हुआ और दूसरा अपराध हो जा रहा है, पुलिस अपराधियों को सजा नहीं दिलवा पा रही है।

**अन्य योजनाओं का भी बुरा हाल:** सुदेश महतो ने वर्तमान महागठबंधन की सरकार को जनता से धोखा कर बनी सरकार बताया है। उन्होंने कहा कि इस राज्य में स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना का हाल बदहाल है। राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं में 90 हजार शिक्षकों पद खाली हैं। चार साल में कितने नए कॉलेज खुले, सरकार इसकी जानकारी दे। कौन सा महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में फ्री पढ़ाई हो रही है, इसका जवाब मुख्यमंत्री को देना चाहिए। राज्य में वर्तमान सरकार के 4 वर्ष में युवा भटके हैं। सुदेश महतो ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में रिम्स जैसी संस्था का वातावरण खराब है। आयुष्मान का राज्य में मूल्यांकन नहीं हो रहा है। कोई हेल्थ गारंटी का कार्यक्रम सरकार के पास नहीं है। यही सरकार चार साल पहले मर्ज किए गए विद्यालयों के लिए हल्ला बोल रही है लेकिन एक भी मर्ज विद्यालय खोला नहीं गया। पीडीएस की स्थिति खराब है। राज्य सरकार द्वारा ग्रीन कार्डधारी लाभुकों को राशन नहीं मिला। जल जंगल जमीन की बात करने वाली सरकार ने एक भी वन पट्टा जनता को नहीं दे पाई। वर्तमान सरकार के चार साल में आंदोलनकारियों को सड़क पर उतरना पड़ा। पारा शिक्षक आज भी सड़क पर आंदोलन कर रहे हैं।

# हेमंत सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल रही : आरती कुजूर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का राज्यभर में पुतला दहन किया। रांची के हरमू चौक पर हेमन्त सरकार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि हेमन्त सोरेन सरकार चार वर्ष पूरे होने पर जश्न मना रही है और दूसरी ओर सरकार के ही तंत्र के लोग महिलाओं की आबरू लूट रहे हैं। श्रीमति कुजूर ने कहा कि राज्य की बेटी, बहन और माताएं सुरक्षित नहीं है। चार सालों में रेप के आंकड़े राज्य को शर्मसार करती है। सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में पूरी तरह से विफल है। उन्होंने कहा कि सरकार के सिस्टम के लोग बेखौफ अपराध को अंजाम दे रहे हैं। कुजूर ने पलामू में एसपी-डीसी के चालकों द्वारा महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि दुष्कर्मियों को फांसी की सजा होनी चाहिए।

प्रदेश महामंत्री मंजूलता दुबे ने कहा कि एक तरफ सरकार चार साल की नाकाम उपलब्धियों को गिना रही है लेकिन, महिला की अस्मिता को तार-तार कर रही है। सीमा सिंह ने कहा कि सरकारी महकमे के लोग ही भक्षक बने हैं। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। राज्य जंगलराज में बदल चुका है।

